**संख्या:429/2016/1656/35-4-2016**

प्रेषक,

अबरार अहमद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कन्नौज।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक:22 दिसम्बर,2016

विषय: वर्ष 2016-17 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद कन्नौज में पेयजल से संबंधित 06 कार्यों की शासनादेश संख्या-1441/35-4-2013 दिनांक 17 अक्टूबर,2013 द्वारा रू. 2310.39 लाख की लागत पर पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में रू. 1155.22 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। तत्पश्चात शासनादेश संख्या: 1040/35-4-2014 दिनांक 02 सितम्बर, 2014 द्वारा अवशेष देय धनराशि रू. 1155.17 लाख अवमुक्त की गयी। तदोपरान्त शासनादेश संख्या: 284/ 2016/1103/35-4-2016 दिनॉक 26 जुलाई,2016 तथा शासनादेश संख्या: 285/2016/ 1104/35-4-2016 दिनॉक 26 जुलाई,2016 द्वारा क्रमश: (क्रमांक-3,4 व 5) 03 कार्यों की रू. 2135.25 लाख तथा (क्रमांक-1 व 2) 02 कार्यों की रू. 397.37 लाख अर्थात कुल 05 कार्यों की रू. 2532.62 लाख की लागत पर पुनरीक्षित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी के पत्र संख्या: 482/त्वा0आ0वि0यो0/डीएसटीओ/2016-17 दिनांक 24 सितम्बर,2016 द्वारा स्वीकृत कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपयोग होना इंगित किया गया है। एतदद्वारा निम्नांकित विवरण के अनुसार पूर्व में अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय के रूप में रू. 237.23 लाख (रूपये दो करोड़ सैंतीस लाख तेईस हजार मात्र) की धनराशि को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(लाख रू. में)

| | कार्य | अनुमोदित लागत | अनुमोदित पुनरीक्षित लागत | पूर्व में अवमुक्त धनराशि | अवमुक्त की जा रही धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड छिबरामऊ के निगोहाखास में पाइप पेयजल योजना | 160.73 | 177.31 | 160.73 | 16.58 |
| 2 | विकास खण्ड छिबरामऊ के ब्राहिमपुर-निजामपुर में पाइप पेयजल योजना | 201.15 | 220.06 | 201.15 | 18.91 |
| 3 | विकास खण्ड उमदो के औसेर मे पाइप पेयजल योजना | 655.23 | 730.35 | 655.23 | 75.12 |
| 4 | विकास खण्ड उमदो के खैरनगर मे पाइप पेयजल योजना | 494.37 | 549.86 | 494.37 | 55.49 |
| 5 | विकास खण्ड उमदो के रामपुर मंझिला में पाइप पेयजल योजना | 783.91 | 855.04 | 783.91 | 71.13 |
| | **योग** | **2295.39** | **2532.62** | **2295.39** | **237.23** |

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

1- सन्दर्भित शासनदेश दिनांक 17 अक्टूबर,2013, 02 सितम्बर, 2014 तथा दिनॉक 26 जुलाई,2016 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

2- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

3- स्वीकृत की जा रही धनराशि जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।

4- इस शासनादेश से उक्त कार्यों के लिए अनुमोदित पुनरीक्षित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2017 तक पूर्णरूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2017 सेपूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा- जोखा 31 मार्च, 2017 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2017 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

7- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा सम्परीक्षित लेखे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-4215-जलपूर्ति तथा सफाई पर पूँजीगत परिव्यय-01-जलपूर्ति-102-ग्रामीण जलपूर्ति-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-02-जलपूर्ति कार्यक्रमों के चालू कार्यों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

( अबरार अहमद )
विशेष सचिव

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:429/2016/1656(1)/35-4-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण ।
4- प्रमुख सचिव, वित्त।
5- निजी सचिव, मा.मुख्य मंत्री जी ।
6- मण्डलायुक्त, कानपुर।
7- जिलाधिकारी, कन्नौज।
8- मुख्य विकास अधिकारी, कन्नौज।
9- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज।
10-गार्ड फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कन्नौज।

आज्ञा से ,

( अबरार अहमद )
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।